मेरी माँ शेरोवाली है | By Shivangi Bhatia

मैं क्यूँ करूँ चिंता मेरी माँ शेरोवाली है
हर मुश्किल में साथ मेरे माँ जग कल्याणी है
मैं क्यूँ करूँ चिंता मेरी माँ शेरोवाली है

ऐसी विश्वास की डोरी बंधी है
मेरी मात से, मेरी मात से
मेरा आज और काल तुमसे जुड़ा है माँ
तेरे नाम से, तेरे नाम से
हर मुश्किल में तूने माँ .....
हर मुश्किल में तूने हर विपदा टाली है
मैं क्यूँ करूँ चिंता मेरी माँ शेरोवाली है

मेरी जीवन नैया का तू ही किनारा है
मेरे परिवार का माँ तू ही सहारा है
सबकी झोली भारती माँ.....
सबकी झोलियाँ भारती माँ शेरोवाली है
मैं क्यूँ करूँ चिंता मेरी माँ शेरोवाली है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%b6%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-shivangi-bhatia/